Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

Azadi Ka Amrit Mahotsav

पत्रांक : प्रोरासिविवि/कुसका/2023– 1502 दिनांक 18 नवम्बर, 2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज, उ0प्र0।

विषय : **शैक्षिक सत्र 2023–24 के स्नातक/परास्नातक/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की प्रायोगिकी/मौखिकी परीक्षाओं के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–प्रोरासिविवि/कुसका/2023–1385 दिनांक 04.11.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से आपके महाविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2023–24 के स्नातक/परास्नातक/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर की प्रायोगिकी/ मौखिकी परीक्षाओं को दिनांक 16 नवम्बर, 2023 से 25 नवम्बर, 2023 तक सम्पन्न कराए जाने के निर्देश प्रदान किए गए थे।

उक्त के सम्बन्ध में कतिपय महाविद्यालयों द्वारा आयोजित करायी गयी प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाओं के सम्बन्ध में पायी गयी स्थिति के दृष्टिगत निम्नानुसार निर्देश दिए जाते हैं, जिससे कि परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित हो सके–

1. अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा अभी तक परीक्षकों की सूची अपने कालेज लॉग–इन के माध्यम से उपलब्ध नहीं करायी जा सकी है, जिसके कारण प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाएं विलम्बित होने से परीक्षाफल घोषित किए जाने में कठिनाई उत्पन्न होगी।
2. जिन महाविद्यालयों द्वारा प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाओं की यू–ट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीमिंग करायी जा रही है, वह अस्पष्ट तथा शोरगुलयुक्त है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि परीक्षाओं की शुचिता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है, अतः लाइव स्ट्रीमिंग/रिकार्डिंग हेतु प्रयुक्त किए जाने वाले कैमरे/मोबाइल आदि इस तरह से स्थिर रखे जाएं कि समस्त परीक्षार्थी प्रायोगिक/ मौखिकी के समय बराबर कैमरे की परिधि में हों तथा परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी और परीक्षक के अलावा किसी अन्य की उपस्थिति प्रतिबन्धित रहेगी।
3. यदि एक साथ कई विषयों की प्रायोगिक/मौखिक परीक्षाएं सम्पन्न करायी जा रही हों तो एक प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा की लाइव स्ट्रीमिंग कराते हुए शेष विषयों की रिकार्डिंग कर ली जाए तथा परीक्षा के दिन ही उसे यू–ट्यूब चैनल पर अपलोड कर दिया जाए।
4. यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सम्बन्धित विषय की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा के दिन ही प्रायोगिक/मौखिकी के अंक अनिवार्यतः अपलोड करते हुए फाइनल सब्मिट कर दिए जाएं।

भवदीय

(संजय कुमार)
कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उपरोक्त।

प्रतिलिपि –

1. माननीय कुलपति जी।
2. उप कुलसचिव (परीक्षा) को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉग–इन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक

पताः मिर्जापुर रोड, नैनी, प्रयागराज, पिनकोड–211010 (उ0प्र0), फोनः 0532–2256207
Address : Mirzapur Road, Naini, Prayagraj, Pincode-211010 (U.P.) Ph. 0532-2256207

Scanned with OKEN Scanner